

विग्रह गति में मोड़ा व समय

# तत्त्वार्थ सूत्र

## <u>द्वितीय अध्याय</u>

Presentation Developed By:
श्रीमति सारिका छाबड़ा

www.JainKosh.org

# मंगलाचरण

मोक्षमार्गस्य नेतारं, भेत्तारं कर्मभूभृताम् ।
ज्ञातारं विश्वतत्त्वानां, वन्दे तद्गुणलब्धये ।।

www.JainKosh.org

☸270. यद्येवं तदेव लक्षणमुच्यतां येन नानात्वमवसीयते इत्यत आह –

☸270. यदि ऐसा है तो वही लक्षण कहिए जिससे कर्म से आत्मा का भेद जाना जाता है, इसी बात को ध्यान में रखकर आगे का सूत्र कहते हैं –

☸उपयोगो लक्षणम्॥8॥

☸जीव का लक्षण उपयोग है ।

www.JainKosh.org

271. उभयनिमित्तवशादुत्पद्यमानश्चैतन्यानुविधायी परिणाम उपयोगः। तेन बन्धं प्रत्येकत्वे सत्यप्यात्मा लक्ष्यते सुवर्णरजतयोर्बन्धं प्रत्येकत्वे सत्यपि वर्णादिभेदवत्।

www.JainKosh.org

# लक्षण किसे कहते हैं?

अनेक मिली हुई वस्तुओं में से

किसी एक वस्तु को पृथक करने वाले

हेतु को लक्षण कहते हैं ।





www.JainKosh.org

# लक्ष्य और अलक्ष्य

## लक्ष्य

- जिसका लक्षण किया जाय उसे लक्ष्य कहते हैं ।
उदा.- चावल

## अलक्ष्य

- लक्ष्य से भिन्न सभी पदार्थ अलक्ष्य कहलाते हैं । उदा. – दाल, मक्का आदि




अलक्ष्य



लक्ष्य

www.JainKosh.org

# उदाहरण

लक्ष्य – शक्कर

लक्षण - मिठास


लक्ष्य – जीव

लक्षण – चेतना

लक्ष्य – पुद्गल

लक्षण – स्पर्श,रसादि

www.JainKosh.org


लक्षण
आत्मभूत
अनात्मभूत
वस्तु के स्वरूप में मिला हुआ हो
वस्तु से मिला हुआ न हो, उससे पृथक हो
जैसे – अग्नि की उष्णता
जैसे – डंडे वाले पुरुष का दंड
www.JainKosh.org

# लक्षणाभास

जो यथार्थ लक्षण नहीं होने पर भी लक्षण के समान प्रतिभासित होता है, उसे लक्षणाभास कहते हैं ।

सदोष लक्षण को लक्षणाभास कहते हैं ।




www.JainKosh.org

# अव्याप्ति लक्षणाभास

जो लक्षण लक्ष्य के एकदेश में रहता है, सम्पूर्ण लक्ष्यभूत पदार्थ में नहीं रहता है उसे अव्याप्ति लक्षणाभास् कहते हैं ।

जैसे – गाय का लक्षण सफेद या पशु का लक्षण सींग

# अतिव्याप्ति लक्षणाभास

जो लक्षण, लक्ष्य और अलक्ष्य दोनों में पाया जाय उसे अतिव्याप्ति लक्षणाभास कहते हैं ।

जैसे गाय का लक्षण सींग

# असंभव लक्षणाभास

लक्ष्य में लक्षण की असंभवता को असंभव दोष कहते हैं ।

मनुष्य का लक्षण सींग, जीव का लक्षण रूप

www.JainKosh.org

# दोष बताइये


- जिसमे केवलज्ञान हो उसे जीव कहते हैं ।
- जिसमे मति-श्रुत ज्ञान हो उसे जीव कहते हैं ।
- जो अमुर्तिक हो उसे जीव कहते हैं ।
- पुद्गल का लक्षण ज्ञान है ।
- जीव का लक्षण उपयोग है ।

# उपयोग

चैतन्यानुविधायी परिणाम उपयोगः ।

चैतन्य के साथ संबंध रखने वाला जीव का परिणाम

ज्ञान-दर्शन का व्यापार/ कार्य


चेतन
जीव द्रव्य
लक्ष्य
चैतन्य
गुण
ज्ञान-दर्शन
उपयोग
पर्याय
लक्षण
www.JainKosh.org

# उपयोग

जीव का जो भाव
वस्तु को ग्रहण करने के लिए
प्रवृत्त होता है
उसे उपयोग कहते हैं ।

**यह आत्मा का आत्मभूत लक्षण हैं**

www.JainKosh.org

बाह्य हेतु

| | |
|---|---|
| आत्मभूत बाह्य हेतु | अनात्मभूत बाह्य हेतु |
| चक्षु आदि इन्द्रियों का समूह | प्रदीप आदि |

# अभ्यन्तर हेतु

## आत्मभूत

द्रव्ययोग निमित्तक भावयोग


वीर्यान्तराय, ज्ञानावरणी, दर्शनावरणी कर्म के क्षयोपशम, क्षय से उत्पन्न आत्मा की विशुद्धि

## अनात्मभूत

आत्मप्रदेश-परिस्पन्दन रूप द्रव्ययोग

## प्रश्न- उपयोग अस्थिर होने से जीव का लक्षण नहीं बन सकता ?

उत्तर- उपयोग सामान्य को ग्रहण करने पर वह जीव का लक्षण बन जाता है ।




www.JainKosh.org

- 272. तद्भेदप्रदर्शनार्थमाह -
- 272. अब उपयोग के भेद दिखलाने के लिए आगे का सूत्र कहते हैं –

❁स द्विविधोऽष्ट-चतुर्भेदः॥9॥

❁वह उपयोग 2 और क्रमशः आठ और चार प्रकार का है ।

www.JainKosh.org

- 273. स उपयोगो द्विविधः - ज्ञानोपयोगो दर्शनोपयोगश्चेति।
- ज्ञानोपयोगोऽष्टभेदः - मतिज्ञानं श्रुतज्ञानमवधिज्ञानं मनःपर्ययज्ञानं केवलज्ञानं मत्यज्ञानं श्रुताज्ञानं विभङ्गज्ञानं चेति।
- दर्शनोपयोगश्चतुर्विधः - चक्षुर्दर्शनमचक्षुर्दर्शनमवधिदर्शनं केवलदर्शनं चेति।

- तयोः कथं भेदः ? साकारानाकारभेदात्।
- साकारं ज्ञानमनाकारं दर्शनमिति। तच्छद्मस्थेषु क्रमेण वर्तते।
- निरावरणेषु युगपत्
- पूर्वकालभाविनोऽपि दर्शनाज्ज्ञानस्य प्रागुपन्यासः; अभ्यर्हितत्वात्।
- सम्यग्ज्ञानप्रकरणात्पूर्वं पञ्चविधो ज्ञानोपयोगो व्याख्यातः। इह पुनरुपयोगग्रहणाद्विपर्ययोऽपि गृह्यते इत्यष्टविध[1] इति उच्यते।

www.JainKosh.org

# उपयोग

## ज्ञानोपयोग

साकार

अंतर्मुहूर्त काल तक मति, श्रुत, अवधि और मन:पर्यय ज्ञान अपने-अपने विषय को विशेष रूप से ग्रहण करते हैं

## दर्शनोपयोग

निराकार

चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन अथवा अवधिदर्शन के द्वारा अविशेषरूप से पदार्थ का सामान्य ग्रहण

www.JainKosh.org

# साकार और निराकार

- यहाँ आकार से मतलब लम्बाई चौड़ाई नहीं है
- बल्कि जैसा पदार्थ होता है वैसा ज्ञान में ज्ञात होना आकार है ।
- निराकार में पदार्थ को विशेषता से सहित नहीं जाना जाता, जबकि साकार में विशेषता सहित पदार्थ ज्ञात होता है ।

## ज्ञानोपयोग

- 5 सम्यग्ज्ञान
- 3 मिथ्याज्ञान

## दर्शनोपयोग

- चक्षुदर्शन
- अचक्षुदर्शन
- अवधिदर्शन
- कवलदर्शन

www.JainKosh.org

# विशेष

छद्मस्थ के दर्शनोपयोग के पश्चात् ज्ञानोपयोग होता है ।

किन्तु केवली भगवान के दर्शन और ज्ञानोपयोग दोनों साथ में होते हैं ।

www.JainKosh.org

☸274. यथोक्तेनानेनाभिहितपरिणामेन सर्वात्मसाधारणेनोपयोगेन ये उपलक्षिता उपयोगिनस्ते द्विविधाः -

☸संसारिणो मुक्ताश्च ॥10॥

☸जीव संसारी और मुक्त 2 प्रकार का है ।

www.JainKosh.org

- 275. संसरणं संसारः परिवर्तनमित्यर्थः। स एषामस्ति ते संसारिणः।
- तत्परिवर्तनं पञ्चविधम् – द्रव्यपरिवर्तनं क्षेत्रपरिवर्तनं कालपरिवर्तनं भवपरिवर्तनं भावपरिवर्तनं चेति।
- तत्र द्रव्यपरिवर्तनं द्विविधम् – नोकर्मद्रव्यपरिवर्तनं कर्मद्रव्यपरिवर्तनं चेति।

- तत्र नोकर्मद्रव्यपरिवर्तनं नाम त्रयाणां शरीराणां षण्णां पर्याप्तीनां च योग्या ये पुद्गला एकेन जीवेन एकस्मिन्समये गृहीताः स्निग्धरूक्षवर्णगन्धादिभिस्तीव्रमन्द-मध्यमभावेन च यथावस्थिता
- द्वितीयादिषु समयेषु निर्जीर्णा
- अगृहीताननन्तवारानतीत्य मिश्रकांश्चानन्तवारानतीत्य मध्ये गृहीतांश्चानन्तवारानतीत्य
- त एव तेनैव प्रकारेण तस्यैव जीवस्य नोकर्मभावमापद्यन्ते यावत्तावत्समुदितं नोकर्मद्रव्यपरिवर्तनम्।

- कर्मद्रव्यपरिवर्तनमुच्यते – एकस्मिन्समये एकेन जीवेनाष्टविध-कर्मभावेन ये गृहीताः पुद्गलाः
- समयाधिकामावलिकामतीत्य द्वितीयादिषु समयेषु निर्जीर्णाः,
- पूर्वोक्तेनैव क्रमेण त एव तेनैव प्रकारेण तस्य जीवस्य कर्मभावमापद्यन्ते यावत्तावत्कर्मद्रव्यपरिवर्तनम्।
- उक्तं च –
- ''सव्वे वि पुग्गला खलु कमसो भुत्तुज्झिया य जीवेण ।
- असइं अणंतखुत्तो पुग्गलपरियट्टसंसारे ।।''

- 276. क्षेत्रपरिवर्तनमुच्यते – सूक्ष्मनिगोजीवोऽपर्याप्तकः सर्वजघन्यप्रदेशशरीरो लोकस्याष्टमध्य-प्रदेशान्स्वशरीरमध्ये[3] कृत्वोत्पन्नः क्षुद्रभवग्रहणं जीवित्वा मृतः।
- स एव पुनस्तेनैवावगाहेन द्विरुत्पन्नस्तथा त्रिस्तथा चतुरित्येवं यावद् [4]घनांगुलस्यासंख्येयभागप्रमिताकाशप्रदेशास्तावत्कृत्वस्तत्रैव जनित्वा पुनरेकैक-प्रदेशाधिकभावेन सर्वो लोक आत्मनो जन्मक्षेत्रभावमुपनीतो भवति यावत्तावत्क्षेत्रपरिवर्तनम्।
- उक्तं च –
- [5]"सव्वम्हि लोयखेत्ते कमसो तं णत्थि जं ण उप्पण्णं।
- ओगाहणाए[6] बहुसो परिभमिदो खेत्तसंसारे।।"

- 277. कालपरिवर्तनमुच्यते – उत्सर्पिण्याः प्रथमसमये जातः कश्चिज्जीवः स्वायुषः परिसमाप्तौ मृतः। स एव [7]पुनर्द्वितीयाया उत्सर्पिण्या द्वितीयसमये जातः स्वायुषः क्षयान्मृतः। स एव पुनस्तृतीयाया उत्सर्पिण्यास्तृतीयसमये जातः। एवमनेन क्रमेणोत्सर्पिणी परिसमाप्ता। तथावसर्पिणी च।
- एवं जन्मनैरन्तर्यमुक्तम्। [8]मरणस्यापि नैरन्तर्यं तथैव ग्राह्यम्। एतावत्कालपरिवर्तनम्।
- उक्तं च –
- ''[9]उस्सप्पिणिअवसप्पिणिसमायावलियासु णिरवसेसासु।
- जादो मुदो य बहुसो भमणेण दु कालसंसारे।।''

- 278. भवपरिवर्तनमुच्यते – नरकगतौ सर्वजघन्यमायुर्दशवर्षसहस्राणि। तेनायुषा तत्रोत्पन्नः पुनः परिभ्रम्य तेनैवायुषा जातः। एवं दशवर्षसहस्राणां यावन्तः समयास्तावत्कृत्वस्तत्रैव जातो मृतः।
- पुनरेकैकसमयाधिकभावेन त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि परिसमापितानि।
- ततः प्रच्युत्य तिर्यग्गतावन्तर्मुहूर्तायुः समुत्पन्नः। पूर्वोक्तेनैव क्रमेण त्रीणि पल्योपमानि तेन परिसमापितानि।
- एवं मनुष्यगतौ च[10]।

www.JainKosh.org

- देवगतौ च नारकवत्। अयं तु विशेषः - एकत्रिंशत्सागरोपमाणि परिसमापितानि यावत्तावद् भवपरिवर्तनम्।
- उक्तं च –
- "णिरयादिजहण्णादिसु जाव दु उवरिल्लया दु गेवज्ञा ।
- मिच्छत्तसंसिदेण दु बहुसो वि भवट्ठिदी भमिदा ॥"

- 279. भावपरिवर्तनमुच्यते – पञ्चेन्द्रियः संज्ञी पर्याप्तको मिथ्यादृष्टिः कश्चिज्जीवः स सर्वजघन्यां स्वयोग्यां ज्ञानावरणप्रकृतेः स्थितिमन्त:कोटीकोटीसंज्ञिकामापद्यते।
- तस्य कषायाध्यवसायस्थानान्य-संख्येयलोकप्रमितानि षट्स्थानपतितानि तत्स्थितियोग्यानि भवन्ति। तत्र सर्वजघन्यकषायाध्यवसाय-स्थाननिमित्तान्यनु[12]भागाध्यवसायस्थानान्यसंख्येयलोकप्रमितानि भवन्ति। एवं सर्वजघन्यां स्थितिं सर्वजघन्यं च कषायाध्यवसायस्थानं सर्वजघन्यमेवानुभागबन्धस्थानमास्कन्दतस्तद्योग्यं सर्वजघन्यं योगस्थानं भवति।


- तेषामेव स्थितिकषायानुभागस्थानानां द्वितीयमसंख्येयभागवृद्धियुक्तं योगस्थानं भवति। एवं च तृतीयादिषु[13] चतुःस्थानपतितानि श्रेण्यसंख्येयभागप्रमितानि योगस्थानानि भवन्ति ।
- तथा तामेव स्थितिं तदेव कषायाध्यवसायस्थानं च प्रतिपद्यमानस्य द्वितीयमनुभवाध्यवसायस्थानं भवति। तस्य च योगस्थानानि पूर्ववद्वेदितव्यानि।
- एवं तृतीयादिष्वपि अनुभवाध्यवसायस्थानेषु आ असंख्येयलोकपरिसमाप्तेः।
- एवं तामेव स्थितिमापद्यमानस्य द्वितीयं कषायाध्यवसायस्थानं भवति। तस्याप्यनुभवाध्यवसायस्थानानि योगस्थानानि च पूर्ववद्वेदितव्यानि।
- एवं तृतीयादिष्वपि कषायाध्यवायस्थानेषु आ असंख्येयलोकपरिसमाप्तेर्वृद्धिक्रमो वेदितव्यः।

☸उक्ताया जघन्यायाः स्थितेः समयाधिकायाः कषायादिस्थानानि पूर्ववत्[14]। एवं समयाधिकक्रमेण आ उत्कृष्टस्थितेस्त्रिंशत्सागरोपमकोटीकोटीपरिमितायाः कषायादिस्थानानि[15] वेदितव्यानि।

- अनन्तभागवृद्धिः असंख्येयभागवृद्धिः संख्येयभागवृद्धिः संख्येयगुणवृद्धिः असंख्येयगुणवृद्धि अनन्तगुणवृद्धिः इमानि षट् वृद्धिस्थानानि। हानिरपि तथैव। अनन्तभागवृद्ध्यनन्तगुणवृद्धिरहितानि चत्वारि स्थानानि। एवं सर्वेषां कर्मणां मूलप्रकृतीनामुत्तरप्रकृतीनां च परिवर्तनक्रमो वेदितव्यः। तदेतत्सर्वं समुदितं भावपरिवर्तनम्।
- उक्तं च –
- “सव्वा पयडिट्ठिदीओ अणुभागपदेसबंधठाणाणि।
- मिच्छत्तसंसिदेण य भमिदा पुण भावसंसारे।।”

www.JainKosh.org

- 280. उक्तात्पञ्चविधात्संसारान्निवृत्ता ये ते मुक्ताः।
- संसारिणां प्रागुपादानं तत्पूर्वकत्वान्मुक्त-व्यपदेशस्य।


जीव
संसारी
(कर्म सहित)
मुक्त
(कर्म रहित)
समनस्क
अमनस्क
www.JainKosh.org

# संसारी

संसरण करे अर्थात् जो परिभ्रमण करे

5 परिवर्तन रूप जो परावर्तन करे

हर जीव का संसार उसके अन्दर के मोह राग द्वेष भाव ही हैं ।

# संसार

4 गति में परिभ्रमण

पंच परावर्तन

जन्म मरण रूप संसार

मोह राग द्वेष परिणाम

# सूत्र में संसारी का ग्रहण पहले क्यों किया है?

1. संसारी जीवों के बहुत भेद प्रभेद हैं ।

2. संसारपूर्वक मोक्ष होता है ।

3. संसारी अवस्था प्रत्यक्ष दिखाई देती है जबकि मुक्त अवस्था परोक्ष है, अप्राप्त है ।

# संसारिणः और मुक्ताः
# दोनों में बहुवचन अलग-अलग क्यों लिया?

संसारी बहुत हैं और मुक्त जीव भी बहुत हैं, इसे बताने के लिए दोनों ही बहुवचन लिए ।

☸281. य ऐते संसारिणस्ते द्विविधाः -

☸281. पहले जो संसारी जीव कह आये हैं वे दो प्रकारके हैं। आगेके सूत्र-द्वारा इसी बातको बतलाते हैं –

☸समनस्काऽमनस्काः॥11॥

☸संसारी जीव मन सहित और मन रहित होते हैं ।

www.JainKosh.org

282. मनो द्विविधम् – द्रव्यमनो भावमनश्चेति। तत्र पुद्गलविपाकिकर्मोदयापेक्षं द्रव्यमनः। वीर्यान्तरायनोइन्द्रियावरणक्षयोपशमापेक्षा[1] आत्मनो विशुद्धिर्भावमनः।

तेन मनसा सह वर्तन्त इति समनस्काः। न विद्यते मनो येषां त इमे अमनस्काः एवं मनसो भावाभावाभ्यां संसारिणो द्विविधा विभज्यन्ते। समनस्काश्चामनस्काश्च समनस्कामनस्का इति।

अभ्यर्हितत्वात्समनस्कशब्दस्य पूर्वनिपातः। कथमभ्यर्हितत्वम् ? गुणदोषविचारकत्वात्।

www.JainKosh.org

| समनस्क | अमनस्क |
| --- | --- |
| ❖ मन सहित<br>❖ चारों गति क जीव | ❖ मन रहित<br>❖ सिर्फ तिर्यंच |

☸283. पुनरपि संसारिणां भेदप्रतिपत्त्यर्थमाह -

☸संसारिणस्त्रसस्थावराः॥12॥

संसारी जीव त्रस और स्थावर के भेद से 2 प्रकार के हैं।


www.JainKosh.org

- 284. ‘संसारि’ ग्रहणमनर्थकम्; प्रकृतत्वात्। क्व प्रकृतम् ? ‘संसारिणो मुक्ताश्च’ इति।
- नानर्थकम्, पूर्वापेक्षार्थम्। ये उक्ता: समनस्क अमनस्कास्ते संसारिण इति।
- यदि हि पूर्वस्य विशेषणं न स्यात्, समस्कामनस्कग्रहणं संसारिणो मुक्ताश्चेत्यनेन यथासंख्यमभिसंबध्येत।
- एवं च कृत्वा ‘संसारि’ ग्रहणमादौ क्रियमाणमुपपन्नं भवति[1]। तत्पूर्वापेक्षं सदुत्तरार्थमपि भवति। ते

www.JainKosh.org

- संसारिणो द्विविधाः - त्रसाः स्थावरा इति।
- त्रसनामकर्मोदयवशीकृतास्त्रसा[2]। स्थावरनामकर्मोदयवशवर्तिनः स्थावराः।
- त्रस्यन्तीति त्रसाः, स्थानशीलाः स्थावरा इति चेत् ? न; आगमविरोधात्। आगमे हि कायानुवादेन त्रसा द्वीन्द्रियादारभ्य आ अयोगकेवलिन इति। तस्मान्न चलनाचलनापेक्षं त्रसस्थावरत्वम्। कर्मोदयापेक्षमेव।
- त्रसग्रहणमादौ क्रियते; अल्पाच्तरत्वादभ्यर्हितत्वाच्च। सर्वोपयोगसंभवादभ्यर्हितत्वम्।

www.JainKosh.org



संसारी जीव
स्थावर
त्रस
१ इन्द्रिय
२ इन्द्रिय
३ इन्द्रिय
४ इन्द्रिय
५ इन्द्रिय
पृथ्वी
जल
अग्नि
वायु
वनस्पति
संज्ञी
असंज्ञी
साधारण
प्रत्येक
www.

285. एकेन्द्रियाणामतिबहुवक्तव्याभावादुल्लङ्घ्यानुपूर्वी स्थावरभेदप्रतिपत्त्यर्थमाह –

☸पृथिव्यप्तेजो-वायु-वनस्पतयः स्थावराः॥13॥

पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और वनस्पति ये स्थावर जीव हैं।

☸286. स्थावरनामकर्मभेदाः पृथिवीकायादयः सन्ति। तदुदयनिमित्ता[1] जीवेषु पृथिव्यादयः संज्ञा वेदितव्याः। प्रथनादिप्रकृतिनिष्पन्ना अपि रुढिवशात्प्रथनाद्यनपेक्षा वर्तन्ते।

☸एषां पृथिव्यादीनामार्षे चातुर्विध्यमुक्तं प्रत्येकम्। तत्कथमिति चेत् ? उच्यते – पृथिवी पृथिवीकायः पृथिवीकायिकः पृथिवीजीव इत्यादि।

☸तत्र अचेतना वैश्रसिकपरिणामनिर्वृत्ता काठिन्यगुणात्मिका पृथिवी। अचेतनत्वादसत्यपि पृथिवीकायनामकर्मोदये प्रथनक्रियोपलक्षितैवेयम्। अथवा पृथिवीति सामान्यम्; उत्तरत्रयेऽपि सद्भावत्।


www.JainKosh.org

- ☸काय: शरीरम्। पृथिवीकायिकजीवपरित्यक्त: पृथिवीकायो मृतमनुष्यादिकायवत्।
- ☸पृथिवीकायोऽस्यास्तीति पृथिवीकायिक:। तत्कायसंबन्धवशीकृत आत्मा।
- ☸समवाप्तपृथिवीकायनामकर्मोदय: कार्मणकाययोगस्थो यो न तावत्पृथिवीं कायत्वेन गृह्णाति स पृथिवीजीव:[2]।
- ☸एवमबादिष्वपि योज्यम्। ऐते पञ्चविधा: प्राणिन: स्थावरा:।
- ☸कति पुनरेषां प्राणा: ? चत्वार: - स्पर्शनेन्द्रियप्राण: कायबलप्राण: उच्छ्वासनिश्वासप्राण: आयु:प्राणश्चेति।

# स्थावर




- पृथ्वी
- जल
- अग्नि
- वायु
- वनस्पति


वनस्पति
साधारण
जिस शरीर के स्वामी अनंत जीव होते हैं
सूक्ष्म
बादर
प्रत्येक
जिस शरीर का स्वामी एक जीव होता है
बादर
www.JainKosh.org

# 5 स्थावरों में से प्रत्येक के 4-4 भेद

| | |
|---|---|
| पृथ्वी | • पृथ्वी सामान्य |
| पृथ्वीजीव | • विग्रह गति का जीव जो पृथ्वी में जन्म लेने जा रहा है |
| पृथ्वीकायिक | • पृथ्वी शरीर सहित जीव |
| पृथ्वीकाय | • पृथ्वी शरीर, जिसमे से जीव निकल गया है |

www.JainKosh.org

287. अथ त्रसाः के ते, इत्यत्रोच्यते -

☸द्वीन्द्रियादयस्त्रसाः॥14॥

2 इन्द्रिय से लेकर 5 इन्द्रिय तक के जीव त्रस हैं।

www.JainKosh.org

☸288. द्वे इन्द्रिये यस्य सोऽयं द्वीन्द्रियः। द्वीन्द्रिय आदिर्येषां ते द्वीन्द्रियादयः। ‘आदि’-शब्दो व्यवस्थावाची। क्व व्यवस्थिताः? आगमे। कथम्? द्वीन्द्रियस्त्रीन्द्रियश्चतुरिन्द्रियः पञ्चेन्द्रियश्चेति। ‘तद्गुणसंविज्ञानवृत्तिग्रहणाद् द्वीन्द्रियस्याप्यन्तर्भावः।

☸कति पुनरेषां प्राणाः? द्वीन्द्रियस्य तावत् षट् प्राणाः, पूर्वोक्ता एव रसनवाक्प्राणाधिकाः। त्रीन्द्रियस्य सप्त त एव घ्राणप्राणाधिकाः। चतुरिन्द्रियस्याष्टौ त एव चक्षुःप्राणाधिकाः। पञ्चेन्द्रियस्य तिरश्चोऽसंज्ञिनो नव त एव श्रोत्रप्राणाधिकाः। संज्ञिनो दश त एव मनोबलप्राणाधिकाः।

www.JainKosh.org

☸289. 'आदि'शब्देन निर्दिष्टानामनिर्ज्ञातसंख्यानामियत्तावधारणं कर्त्तव्यमित्यत आह –

☸पञ्चेन्द्रियाणि ॥15॥

☸इन्द्रियाँ पाँच हैं।।15।।

www.JainKosh.org

☸290. ‘इन्द्रिय’शब्दो व्याख्यातार्थः। ‘पञ्च’ ग्रहणमवधारणार्थम्, पंचैव नाधिकसंख्यानीति।

☸कर्मेन्द्रियाणां वागादीनामिह ग्रहणं कर्तव्यम् ? न कर्तव्यम्; उपयोगप्रकरणात्।

☸उपयोगसाधनानामिह ग्रहणं, न क्रियासाधनानाम्; अनवस्थानाच्च। क्रियासाधनानामङ्गोपाङ्गनामकर्मनिवर्तितानां सर्वेषामपि क्रियासाधनत्वमस्तीति न पंचैव कर्मेन्द्रियाणि।

☸

www.JainKosh.org


☸291. तेषामन्तर्भेदप्रदर्शनार्थमाह -

☸द्विविधानि ॥16॥

☸वे प्रत्येक दो-दो प्रकार की हैं।।16।।

☸

292. 'विध'शब्दः प्रकारवाची। द्वौ विधौ येषां तानि द्विविधानि, द्विप्रकाराणीत्यर्थः। कौ पुनस्तौ द्वौ प्रकारौ ? द्रव्येन्द्रियं भावेन्द्रियमिति।


इन्द्रिय
द्रव्येन्द्रिय
भावेन्द्रिय
शरीर नामकर्म के उदय से बननेवाले शरीर के चिह्न-विशेष
मतिज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से उत्पन्न होने वाली विशुद्धि और उस विशुद्धि से उत्पन्न होने वाला उपयोगात्मक ज्ञान
nKosh.org

☸293. तत्र द्रव्येन्द्रियस्वरूपप्रतिपत्त्यर्थमाह-

☸

☸निर्वृत्त्युपकरणे द्रव्येन्द्रियम् ॥17॥

निर्वृत्ति और उपकरण द्रव्येन्द्रिय हैं ।

www.JainKosh.org

☸294. निर्वर्त्यते इति निर्वृत्तिः। केन निर्वर्त्यते ? कर्मणा।

☸सा द्विविधा; बाह्याभ्यन्तरभेदात्।

☸उत्सेधाङ्गुलासंख्येयभागप्रमितानां शुद्धानामात्मप्रदेशानां प्रतिनियतचक्षुरादीन्द्रियसंस्थानेनावस्थितानां वृत्तिराभ्यान्तरा निर्वृत्तिः।


☸तेष्वात्मप्रदेशेष्विन्द्रियव्यपदेशभाक्षु यः प्रतिनियतसंस्थानो नामकर्मोदयापादितावस्थाविशेषः पुद्गलप्रचयः सा बाह्या निर्वृत्तिः।

☸येन निर्वृत्तेरुपकारः क्रियते तदुपकरणम्। पूर्ववत्तदपि द्विविधम्।

☸तत्राभ्यन्तरं कृष्णशुक्लमण्डलं, बाह्यमक्षिपत्रपक्ष्मद्वयादि।

☸एवं शेषेष्वपीन्द्रियेषु ज्ञेयम्।

www.JainKosh.org


द्रव्येन्द्रिय
निर्वृत्ति
उपकरण
जिन प्रदेशों के द्वारा विषयों को जानते हैं
जो निर्वृत्ति के सहकारी, निकटवर्ती हैं
www.JainKosh.org

# निर्वृत्ति- जिनके द्वारा रचना की जाती है

- निर्वृत्ति
  - अभ्यंतर
    - आत्मप्रदेशों का आकार
  - बाह्य
    - पौद्गलिक इंद्रिय का आकार

www.JainKosh.org

## उपकरण - जिसके द्वारा निर्वृत्ति का उपकार किया जाता है

# उपकरण

- **अभ्यंतर**
  - नेत्र में काला, सफेद मंडल
- **बाह्य**
  - नेत्र की पलकें, भौंहें

Kosh.o

☸295. भावेन्द्रियमुच्यते -

☸लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम् ॥18॥


लब्धि और उपयोग भाव इन्द्रिय हैं ।

www.JainKosh.org

- 296. लम्भनं लब्धिः। का पुनरसौ ? ज्ञानावरणकर्मक्षयोपशमविशेषः।
- यत्संनिधानादात्मा द्रव्येन्द्रियनिर्वृत्तिं प्रति व्याप्रियते तन्निमित्त आत्मनः परिणाम उपयोगः।
- तदुभये भावेन्द्रियम्।

www.JainKosh.org

- इन्द्रियफलमुपयोगः, तस्य कथमिन्द्रियत्वम् ?
- कारणधर्मस्य कार्ये दर्शनात्। यथा घटाकारपरिणतं विज्ञानं घट इति।
- स्वार्थस्य तत्र मुख्यत्वाच्च। इन्द्रस्य लिङ्गमिन्द्रियमिति यः स्वार्थः स उपयोगे[1] मुख्यः, 'उपयोगलक्षणो जीव' इति वचनात्। अत उपयोगस्येन्द्रियत्वं न्याय्यम्।


भावेन्द्रिय
लब्धि
उपयोग
मतिज्ञानावरणादि कर्म के क्षयोपशम से उत्पन्न विशुद्धि, उघाड़
विशुद्धि (लब्धि) से उत्पन्न आत्मा का प्रवर्तनरूप ज्ञान
Kosh.org

# इन्द्रिय

- **द्रव्येन्द्रिय**
  - **निर्वृत्ति** — इन्द्रियाकार रचना
  - **उपकरण** — निर्वृत्ति का उपकार करे
- **भावेन्द्रिय**
  - **लब्धि** — ज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम
  - **उपयोग** — चेतना  का परिणाम विशेष

www.JainKosh.org

ज्ञान की प्रगट प्राप्त शक्ति — लब्धि

इस शक्ति का प्रयोग — उपयोग

इस उपयोग में सहकारी साधन — द्रव्य इन्द्रिय

द्रव्य इन्द्रिय के लिये सहकारी — उपकरण

www.JainKosh.org

☸297. उक्तानामिन्द्रियाणां संज्ञानुपूर्वीप्रतिपादनार्थमाह -

☸स्पर्शन-रसन-घ्राण-चक्षुः-श्रोत्राणि॥19॥

स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और कर्ण ये 5 इन्द्रियाँ हैं ।

www.JainKosh.org

☸298. लोके इन्द्रियाणां पारतन्त्र्यविवक्षा दृश्यते। अनेनाक्ष्णा सुष्ठु पश्चामि, अनेन कर्णेन सुष्ठु श्रृणोमीति। ततः पारतन्त्र्यात्स्पर्शनादीनां करणत्वम् वीर्यान्तरायमतिज्ञानावरणक्षयोपशमाङ्गोपाङ्ग-नामलाभावष्टम्भादात्मना [1]स्पृश्यतेऽनेनेति स्पर्शनम्।


☸रस्यतेऽनेनेति रसनम्। घ्रायतेऽनेनेति घ्राणम्। चक्षेरनेकार्थत्वा-द्दर्शनार्थविवक्षायां चष्टे अर्थान्पश्यत्यनेनेति चक्षुः। श्रूयतेऽनेनेति श्रोत्रम्।

www.JainKosh.org

- स्वातन्त्र्यविवक्षा च दृश्यते। इदं[2] मे अक्षि सुष्ठु पश्यति। अयं मे कर्णः सुष्ठु श्रृणोति। ततः स्पर्शनादीनां कर्तरि निष्पत्तिः। स्पृशतीति स्पर्शनम्। रसतीति रसनम्। जिघ्रतीति घ्राणम्। चष्टे इति चक्षुः। श्रृणोतीति श्रोत्रम्।
- एषां निर्देशक्रमः एकैकवृद्धिक्रमप्रज्ञापनार्थः।

www.JainKosh.org


# इन्द्रिय




स्पर्शन



रसना



घ्राण



चक्षु



कर्ण

| इन्द्रिय | विषय |
|---|---|
| स्पर्शन | •8 प्रकार का स्पर्श |
| रसना | •5 प्रकार का रस |
| घ्राण | •2 प्रकार की गंध |
| चक्षु | •5 प्रकार का रूप |
| कर्ण | •शब्द तथा 7 प्रकार का स्वर |

www.JainKosh.org

☸299. तेषामिन्द्रियाणां विषयप्रदर्शनार्थमाह -

☸ **स्पर्श-रस-गन्ध-वर्ण-शब्दास्तदर्थाः ॥20॥**

स्पर्शन, रस, गन्ध, वर्ण और शब्द ये क्रम से उन इन्द्रियों के विषय है।।20।।

www.JainKosh.org

☸300. द्रव्यपर्याययोः प्राधान्यविवक्षायां कर्मभावसाधनत्वं स्पर्शादिशब्दानां वेदितव्यम्।

☸द्रव्यप्राधान्यविवक्षायां कर्मनिर्देशः। स्पृश्यत इति स्पर्शः। रस्यत इति रसः। गन्ध्यत इति गन्धः। वर्ण्यत इति वर्णः। शब्द्यत इति शब्दः।

☸पर्यायप्राधान्यविवक्षायां भावनिर्देशः। स्पर्शनं स्पर्शः। रसनं रसः। गन्धनं गन्धः। वर्णनं वर्णः। शब्दनं शब्द[2] इति। एषां क्रम इन्द्रियक्रमेणैव व्याख्यातः।

www.JainKosh.org

स्पर्श, रस, गंध और वर्ण तो पुद्गल के गुण हैं।

आवाज व शब्द पुद्गल की पर्याय है।

www.JainKosh.org

# मन की गणना इन्द्रियों में क्यों नहीं की गई है?

मन अन्य इन्द्रियों के समान नियत स्थानीय नहीं है

तथा उस मन का निमित्त पाकर चक्षु आदि इन्द्रियां विषयों में व्यापार करती हैं ।

301. अत्राह, यत्तावन्मनोऽनवस्थानादिन्द्रियं न भवतीति प्रत्याख्यातं तत्किमुपयोगस्योपकारि उत नेति। तदप्युपकार्येव। ते विनेन्द्रियाणां विषयेषु स्वप्रयोजन वृत्त्यभावात्। किञ्चास्यैषां सहकारित्वमात्रमेव प्रयोजनमुतान्यदपीत्यत आह-

श्रुतमनिन्द्रियस्य ॥21॥

मन का विषय श्रुत है ।

www.JainKosh.org

☸302. श्रुतज्ञानविषयोऽर्थः श्रुतम्। स विषयोऽनिन्द्रियस्य; परिप्राप्तश्रुतज्ञानावरणक्षयोपशमस्यात्मनः [1]श्रुतार्थेऽनिन्द्रियालम्बनज्ञानप्रवृत्तेः। अथवा श्रुतज्ञानं श्रुतम्, तदनिन्द्रियस्यार्थः प्रयोजनमिति यावत्। स्वातन्त्र्यसाध्यमिदं प्रयोजनमनिन्द्रियस्य।

# मन का विषय = श्रुत

- श्रुतज्ञान के विषयभूत पदार्थ श्रुत है तथा
- श्रुतज्ञान को भी श्रुत कहा है ।

- ये दोनों मन के विषय हैं याने श्रुतज्ञान मन के द्वारा है ।
- परन्तु श्रुतज्ञान मन मात्र के द्वारा ही नहीं है । और मन से श्रुतज्ञान मात्र नहीं होता है ।

www.JainKosh.org

# श्रुत

## श्रुतज्ञान का विषयभूत पदार्थ

# श्रुत श्रोत्रेंद्रिय का विषय है
# वह मन का विषय कैसे हो सकता है?

- श्रुत को श्रोत्रेंद्रिय का विषय मानने पर मतिज्ञान का प्रसंग आएगा,
- जबकि मतिज्ञान होने के बाद होने वाला चिन्तन वह श्रुत है और उसे यहाँ लिया गया है

☸303. उक्तानामिन्द्रियाणां प्रतिनियतविषयाणां स्वामित्वनिर्देशे कर्तव्ये यत्प्रथमं गृहीतं स्पर्शनं तस्य तावत्स्वामित्वावधारणार्थमाह -

☸वनस्पत्यन्तानामेकम्॥22॥

**पृथ्वीकाय से लेकर वनस्पतिकाय तक के जीवों की एक स्पर्शन इन्द्रिय होती है**

www.JainKosh.org

☸304. एकं प्रथममित्यर्थः। किं तत् ? स्पर्शनम्। तत्केषाम् ? पृथिव्यादीनां वनस्पत्यन्तानां वेदितव्यम्।

☸तस्योत्पत्तिकारणमुच्यते- वीर्यान्तरायस्पर्शनेन्द्रियावरणक्षयोपशमे सति शेषेन्द्रियसर्वघाति-स्पर्धकोदये च शरीरनामलाभावष्टम्भे एकेन्द्रियजातिनामोदयवशवर्तितायां च सत्यां स्पर्शनमेक-मिन्द्रियमाविर्भवति।


www.JainKosh.org

# भेद



१ इन्द्रिय

- स्पर्शन



२ इन्द्रिय

- स्पर्शन,
- रसना



३ इन्द्रिय

- स्पर्शन,
- रसना,
- घ्राण



४ इन्द्रिय

- स्पर्शन,
- रसना,
- घ्राण,
- चक्षु



५ इन्द्रिय

- स्पर्शन,
- रसना,
- घ्राण,
- चक्षु,
- कर्ण

☸305. इतरेषामिन्द्रियाणां स्वामित्वप्रदर्शनार्थमाह -

☸कृमि-पिपीलिका-भ्रमर-मनुष्यादीनामेकैकवृद्धानि ॥23॥

कृमि, चींटी, भँवरा और मनुष्य आदि के एक एक इन्द्रिय अधिक होती है

www.JainKosh.org

- 306. ‘एकैकम्’ इति वीप्सायां द्वित्वम्। एकैकेन वृद्धानि एकैकवृद्धानि।
- कृमिमादिं[1] कृत्वा, स्पर्शनाधिकारात् स्पर्शनमादिं कृत्वा एकैकवृद्धानीत्यभिसंबन्धः क्रियते। ‘आदि’ शब्दः प्रत्येकं परिसमाप्यते।
- कृम्यादीनां स्पर्शनं रसनाधिकम्, पिपीलिकादीनां स्पर्शनरसने घ्राणधिके, भ्रमरादीनां स्पर्शनरसनघ्राणानि चक्षुरधिकानि, मनुष्यादीनां तान्येव श्रोत्राधिकानीति यथा – संख्येनाभिसंबन्धो व्याख्यातः। तेषां निष्पत्तिः स्पर्शनोत्पत्त्या व्याख्याता उत्तरोत्तरसर्वघातिस्पर्धकोदयेन।

www.JainKosh.org

☸307. एवमेतेषु संसारिषु द्विभेदेषु इन्द्रियभेदात्पञ्चविधेषु ये पञ्चेन्द्रियास्तद्भेदस्यानुक्तस्य प्रतिपादनार्थमाह –

संज्ञिनः समनस्काः॥24॥

मन सहित जीवों को संज्ञी कहते हैं ।

www.JainKosh.org

- 308. मनो व्याख्यातम्। सह तेन ये वर्तन्ते ते समनस्का:। संज्ञिन[1] इत्युच्यन्ते।
- पारिशेष्यादितरे संसारिण: प्राणिनोऽसंज्ञिन इति सिद्धम्।
- ननु च संज्ञिन इत्यनेनैव गतार्थत्वात्समनस्का इति विशेषणमनर्थकम्[2]। यतो मनोव्यापारो हिताहितप्राप्तिपरिहारपरीक्षा। संज्ञापि सैवेति।
- नैतद्युक्तम्, संज्ञाशब्दार्थव्यभिचारात्।

www.JainKosh.org

- संज्ञा नामेत्युच्यते। तद्वन्त: संज्ञिन इति सर्वेषामतिप्रसङ्ग:।
- संज्ञा ज्ञानमिति चेत्; सर्वेषां प्राणिनां ज्ञानात्मकत्वादतिप्रसङ्ग:।
- आहारादिविषयाभिलाष: संज्ञेति चेत्। तुल्यम्।
- तस्मात्समनस्का इत्युच्यते।
- एवं च कृत्वा गर्भाण्डजमूर्च्छितसुषुप्त्याद्यवस्थासु हिताहित-परीक्षाभावेऽपि मन:संनिधानात्संज्ञित्वमुपपन्नं भवति।

www.JainKosh.org

# मन

## भाव मन

- हित अहित का विचार,शिक्षा और उपदेश ग्रहण करने की शक्ति सहित ज्ञान विशेष

## द्रव्य मन

- हृदय स्थान में ८ पंखुड़िओं वाले कमल के आकार समान पुद्गल पिण्ड

www.JainKosh.org

# संज्ञी क्या कर सकता?

हित का ग्रहण और अहित का त्याग


इच्छापूर्वक हाथ पैर आदि चलाने की क्रिया

वचन अथवा चाबुक आदि के द्वारा उपदेश ग्रहण कर सके

श्लोक आदि का पाठ - उत्तर दे सके

उसका जो नाम रक्खा गया हो बुलाने पर आ सके, उन्मुख हो

www.JainKosh.org


संज्ञी
असंज्ञी
नारकी
मनुष्य
देव
संज्ञी पचेंद्रिय तिर्यंच
1,2,3,4 और 5 इन्द्रिय असंज्ञी
www.JainKosh.org

# केवली भगवान संज्ञी हैं या असंज्ञी?

☸उनके द्रव्य मन पाया जाता है किन्तु उसका व्यापार और उस सम्बंधित कर्म का अभाव हो गया है इसीलिए वे संज्ञी एवं असंज्ञी दोनों ही नहीं है।

जिस समय जीव पूर्व शरीर को छोड़कर आया शरीर धारण करने जाता है

तब उसके मन तो रहता नहीं है

फिर वह कैसे गमन करता है?

इसके समाधान के लिए अगला सूत्र कहते हैं-

www.JainKosh.org

309. यदि हिताहितादिविषयपरिस्पन्दः प्राणिनां मनःप्रणिधानपूर्वकः। अथाभिनवशरीरग्रहणं प्रत्यागूर्णस्य विशीर्णपूर्वमूर्तेर्निर्मनस्कस्य यत्कर्म तत्कुत इत्युच्यते –

**विग्रह-गतौ कर्म-योगः॥25॥**

**विग्रह गति में कार्मण काययोग होता है ।**

www.JainKosh.org

- 310. विग्रहो देहः। विग्रहार्था गतिर्विग्रहगतिः।
- अथवा विरुद्धो ग्रहो विग्रहो व्याघातः[1]। कर्मादानेऽपि नोकर्मपुद्गलादाननिरोध इत्यर्थः। विग्रहेण गतिर्विग्रहगतिः।

- सर्वशरीरप्ररोहणबीजभूतं कार्मणं शरीरं कर्मेत्युच्यते।
- योगो वाङ्मनसकायवर्गणाभिनमित्त आत्मप्रदेशपरिस्पन्दः।
- कर्मणा कृतो योगः कर्मयोगो विग्रहगतौ भवतीत्यर्थः। तेन कर्मादानं देशान्तरसंक्रमश्च भवति।

# विग्रह गति

विग्रह = देह

- शरीर के लिए जो गति होती है उसे विग्रह गति कहते हैं ।

वि+ग्रह = विरुद्ध ग्रहण

- जिस अवस्था में नोकर्म पुदगलों का ग्रहण नहीं होता वह विग्रह है और ऐसी गति विग्रह गति होती है ।

विग्रह = मोड़ा

- मोड़े वाली गति को विग्रह गति कहते हैं ।

www.JainKosh.org

# कर्मयोग

कार्मण शरीर के निमित्त से आत्म प्रदेशों में परिस्पन्दन होता है जिसे कर्म योग कहते हैं ।

यह योग सिर्फ विग्रह गति में ही पाया जाता है ।

www.JainKosh.org

- विग्रह गति में जीव इस कर्म-योग के द्वारा ही नवीन कर्मों को ग्रहण करता है और
- मृत्यु स्थान से अपने जन्म लेने के स्थान तक जाता है ।

www.JainKosh.org

☸311. आह जीवपुद्गलानां गतिमास्कन्दतां देशान्तरसंक्रमः। किमाकाशप्रदेशक्रमवृत्त्या भवति, उताविशेषेणेत्यत आह –

## ☸अनुश्रेणि: गतिः॥26॥

विग्रह गति में जीव और पुद्गलों की गति आकाश की पंक्ति के अनुसार होती है ।

www.JainKosh.org

- 312. लोकमध्यादारभ्य ऊर्ध्वमधस्तिर्यक् च आकाशप्रदेशानां क्रमसंनिविष्टानां पङ्क्तिः श्रेणिः इत्युच्यते।
- ‘अनु’ शब्दस्यानुपूर्व्येण वृत्तिः। [1]श्रेणेरानुपूर्व्येणानुश्रेणीति जीवानां पुद्गलानां च गतिर्भवतीत्यर्थः।
- अनधिकृतानां पुद्गलानां कथं ग्रहणमिति चेत्। गतिग्रहणात्।
  - यदि जीवानामेव गतिरिष्टा स्याद् गतिग्रहणमनर्थकम्; अधिकारात्तत्सिद्धेः।
  - उत्तरत्र जीवग्रहणाच्च पुद्गलसंप्रत्ययः।

www.JainKosh.org

- ननु चन्द्रादीनां ज्योतिष्काणां[2] मेरुप्रदक्षिणाकाले विद्याधरादीनां च विश्रेणिगतिरपि दृश्यते, तत्र किमुच्यते, ‘अनुश्रेणि गतिः’ इति।
- कालदेशनियमोऽत्र वेदितव्यः।
- तत्र कालनियमस्तावज्जीवानां मरणकाले भवान्तरसंक्रमे मुक्तानां चोर्ध्वगमनकाले अनुश्रेण्येव गतिः।
- देशनियमोऽपि ऊर्ध्वलोकादधोगति, अधोलोकादूर्ध्वगतिः, तिर्यग्लोकादधोगतिरूर्ध्वा वा तत्रानुश्रेण्येव।
- पुद्गलानां च या लोकान्तप्रापिणी सा नियमादनुश्रेण्येव।
- इतरा गतिर्भजनीया।

www.JainKosh.org

☸313. पुनरपि गतिविशेषप्रतिपत्त्यर्थमाह -

☸अविग्रहा जीवस्य॥27॥

मुक्त जीव की गति मोड़े रहित होती है ।

www.JainKosh.org

☸314. विग्रहो व्याघातः कौटिल्यमित्यर्थः। स यस्यां न विद्यतेऽसावविग्रहा गतिः। कस्य ? जीवस्य। कीदृशस्य ? मुक्तस्य।

☸कथं गम्यते मुक्तस्येति ? उत्तरसूत्रे संसारिग्रहणादिह मुक्तस्येति विज्ञायते।

☸ननु च 'अनुश्रेणि गतिः' इत्यनेनैव श्रेण्यन्तरसंक्रमाभावो व्याख्यातः। नार्थोऽनेन। पूर्वसूत्रे विश्रेणिगतिरपि क्वचिदस्तीति ज्ञापनार्थमिदं वचनम्।

☸ननु तत्रैव देशकालनियम उक्तः। न; अतस्तित्सद्धेः।

www.JainKosh.org

# अनुश्रेणि गति

आकाश क प्रदेशों को पंक्ति क अनुसार गमन

# अनुश्रेणि गति

- मुक्त जीव
  - सिर्फ ऋजुगति
- संसारी जीव
  - चारों प्रकार को गति

www.JainKosh.org

# यहाँ तो जीव का अधिकार है तो पुद्गल का ग्रहण क्यों किया?

- आगे ‘अविग्रहा जीवस्य’ सूत्र में जीव का उल्लेख किया है इससे पता चलता है की यहाँ सिर्फ जीव की ही गति नहीं बाते है ।

# प्रश्न: सूत्र 27 में मुक्त जीव की गति बताई है यह कैसे ज्ञात हुआ?

- अगले सूत्र में 'संसारिण:' शब्द का प्रयोग किया है जिससे ज्ञात होता है कि इस सूत्र में मुक्त जीव की गति बताई है।

315. यद्यसङ्गस्यात्मनोऽप्रतिबन्धेन गतिरालोकान्तादवाधृतकाला[1] प्रतिज्ञायते, सदेहस्य पुनर्गतिः किं प्रतिबन्धिनी उत मुक्तात्मवदित्यत आह-


## विग्रहवती च संसारिणः प्राक्चतुर्भ्यः॥28॥

संसारी जीवों की चौथे समय से पहले विग्रहगति (मोड़े वाली) होती है और बिना मोड़े वाली गति भी होती है ।

www.JainKosh.org

316. कालावधारणार्थं ‘प्राक्चतुर्भ्यः’ इत्युच्यते। ‘प्राग्’ इति वचनं मर्यादार्थम्, चतुर्थात्समयात्प्राग्विग्रहवती गतिर्भवति न चतुर्थे इति। कुत इति चेत् ? सर्वोत्कृष्टविग्रहनिमित्तनिष्कुटक्षेत्रे उत्पित्सुः प्राणी निष्कुटक्षेत्रानुपूर्व्यनुश्रेण्यभावादिषु गत्यभावे निष्कुटक्षेत्रप्रापणनिमित्तां त्रिविग्रहां गतिमारभते नोर्ध्वाम्; तथाविधोपपादक्षेत्राभावत्। ‘च’शब्दः समुच्चयार्थः। विग्रहवती चाविग्रहा[2] चेति।

www.JainKosh.org




विग्रह गति में मोड़ा व समय

# आहार

औदारिकादि तीन शरीर तथा छः पर्याप्तियों के योग्य पुद्‌गलों के ग्रहण करने को आहार कहते हैं।

| अविग्रहा | विग्रहवती |
|---|---|
| ❖ ऋजुगति/इषु गति | ❖ पाणिमुक्ता<br>❖ लांगलिका<br>❖ गौमूत्रिका |

www.JainKosh.org

# ऋजुगति/इषु गति

| मोड़ा | समय | अनाहारक काल |
|---|---|---|
| सीधी बिना मोड़ | 1 समय | अनाहारक नहीं होता |

विशेष – कितनी भी दूरी हो यदि जीव, पुद्गल बिना मोड़े की गति कर रहा है तो उसमें एक ही समय लगेगा ।

www.JainKosh.org





# पाणिमुक्ता

| मोड़ा | समय | अनाहारक काल |
|---|---|---|
| 1 मोड़ा | 2 समय | 1 समय |

# लांगलिका




| मोड़ा | समय | अनाहारक काल |
|---|---|---|
| 2 मोड़ा | 3 समय | 2 समय |




# गौमूत्रिका

| मोड़ा | समय | अनाहारक काल |
| --- | --- | --- |
| 3 मोड़ा | 4 समय | 3 समय |

317. विग्रहवत्या गतेः कालोऽवधृतः। अविग्रहायाः कियान् काल इत्युच्यते –

एकसमयाऽविग्रहा॥29॥

बिना मोड़े वाली गति में एक समय लगता है, इसी को ऋजुगति भी कहते हैं । वह विग्रहगति नहीं होती है ।

www.JainKosh.org

☸318. एकः समयो [1]यस्याः सा एकसमया। न विद्यते विग्रहो[2] यस्याः सा अविग्रहा। गतिमतां हि जीवपुद्गलानामव्याघातेनैकसमयिकी गतिरालोकान्तादपीति।

www.JainKosh.org

☸319. अनादिकर्मबन्धसंततौ मिथ्यादर्शनादिप्रत्ययवशात्कर्माण्याददानो विग्रहगतावत्याहारकः प्रसक्तस्ततो नियमार्थमिदमुच्यते –

एकं द्वौ त्रीन्वाऽनाहारकः॥30॥

☸विग्रहगति में जीव एक समय, दो समय अथवा 3 समय तक अनाहारक रहता है

www.JainKosh.org

- 320. अधिकारात्समयाभिसंबन्धः। ‘वा’शब्दो विकल्पार्थः। विकल्पश्च यथेच्छातिसर्गः। एकं वा द्वौ वा त्रीन्वा [1]समायाननाहारको भवतीत्यर्थः।
- त्रयाणां शरीराणां षण्णां पर्याप्तीनां योग्यपुद्गलग्रहणमाहारः। तदभावादनाहारकः। कर्मादानं हि निरन्तरं कार्मणशरीरसद्भावे। उपपादक्षेत्रं प्रति ऋज्व्यां गतौ आहारकः। इतरेषु त्रिषु समयेषु अनाहारकः।

www.JainKosh.org

# 321. एवं गच्छतोऽभिनवमूर्त्यन्तरनिर्वृत्तिप्रकारप्रतिपादनार्थमाह —

# सम्मूर्छ्नगर्भोपपादा जन्म ॥31॥

☸जन्म 3 प्रकार का है- सम्मूर्छन, गर्भ, उपपाद ।

www.JainKosh.org

☸322. त्रिषु लोकेषूर्ध्वमधस्तिर्यक् च देहस्य समन्ततो मूर्च्छनं संमूर्च्छनमवयवप्रकल्पनम्।


☸स्त्रिया उदरे शुक्रशोणितयोर्गरणं मिश्रणं गर्भः। मात्रुपभुक्ताहारगरणाद्वा गर्भः।

☸उपेत्य पद्यतेऽस्मिन्निति उपपादः। देवनारकोत्पत्तिस्थानविशेषसंज्ञा।

☸ऐते त्रयः संसारिणां जीवानां जन्मप्रकाराः शुभाशुभपरिणामनिमित्त-कर्मभेदविपाककृताः।




www.JainKosh.org




www.JainKosh.org

| | |
|---|---|
| गर्भ | • माता पिता के रज-वीर्य से उत्पत्ति होना |
| उपपाद | • संपुट शय्या या उष्ट्रादि मुखाकार योनि में अंतर्मुहूर्त काल में ही जीव का उत्पन्न होना |
| सम्मूर्छन | • सब ओर से परमाणु ग्रहण कर शरीर की रचना होना |

www.JainKosh.org

325. एवमेतस्मिन्नवयोनिभेदसंकटे त्रिविधजन्मनि सर्वप्राणभृतामनियमेन प्रसक्ते तदवधारणार्थमाह-

जरायुजाण्डजपोतानां गर्भः ॥33॥

☸जरायुज, अंडज और पोत – इन 3 प्रकार के प्राणियों के गर्भ जन्म होता है ।

☸

www.JainKosh.org

☸326. यज्जालवत्प्राणिपरिवरणं विततमांसशोणि तज्जरायु:।

☸यन्नखत्वक्सदृशमुपात्तकाठिन्यं शुक्रशोणितपरिवरणं परिमण्डलं तदण्डम्।

☸किंचित्परिवरणमन्तरेण परिपूर्णावयवो योनिनिर्गतमात्र एव परिस्पन्दादिसामर्थ्योपेत: पोत:।

☸जरायौ जाता जरायुजा:। अण्डे जाता अण्डजा:। जरायुजाश्च अण्डजाश्च पोताश्च जरायुजाण्डजपोता गर्भयोनय:।

www.JainKosh.org

# गर्भ जन्म के 3 प्रकार

## जरायुज

- प्राणी के शरीर के ऊपर जाल समान आवरण - मांस, लहू जिसमें विस्ताररूप पाया जाता है ऐसा जो जरायु, उसमें उत्पन्न जीव जरायुज कहलाता है।
- गाय, हाथी आदि

## अंडज

- शुक्र, लहूमय तथा नख के समान कठिन आवरण सहित, गोल आकार का धारक वह अण्ड, उसमें उपजने वाला जीव अंडज कहलाता है।
- चील, कबूतर आदि

## पोत

- योनि से निकलते ही चलना आदि की सामर्थ्य से संयुक्त है वह जीव पोत कहलाता है।
- सिंह, नेवला आदि

www.JainKosh.org

327. यद्यमीषां जरायुजाण्डजपोतानां गर्भोऽवध्रियते, अथोपपादः केषां भवतीत्यत आह –

☸देव-नारकाणामुपपादः ॥34॥

☸देव और नारकियों का उपपाद जन्म होता है ।

देवानां नारकाणां चोपपादो जन्म वेदितव्यम्।

देव और नारकियों का उपपाद जन्म जानना चाहिए ॥34॥

www.JainKosh.org

328. अथान्येषां किं जन्मेत्यत आह –

शेषाणां सम्मूर्छनम् ॥35॥

☸शेष जीवों का सम्मूर्छन जन्म होता है ।

www.JainKosh.org

- 329. गर्भजेभ्य औपपादिकेभ्यश्चान्ये शेषाः। संमूर्च्छनं जन्मेति।
- एते त्रयोऽपि योगा नियमार्थाः। उभयतो नियमश्च द्रष्टव्यः।
- जरायुजाण्डजपोतानामेव गर्भः। गर्भ एव च जरायुजाण्डजपोतानाम्।
- देवनारकाणामेवोपपादः। उपपाद एव च देवनारकाणाम्।
- शेषाणामेव संमूर्च्छनम्। संमूर्च्छनमेव शेषाणामिति।

www.JainKosh.org

# नियम

जरायुज, अण्डज और पोत जीवों का ही गर्भ जन्म होता है। और जरायुज, अण्डज और पोत जीवों के गर्भ जन्म ही होता है।

देव और नारकियों के ही उपपाद जन्म होता है और देव और नारकियों के उपपाद जन्म ही होता है।

शेष जीवों के संमूर्च्छन जन्म ही होता है और शेष जीवों के ही संमूर्च्छन जन्म होता है।

# जन्म भेद स्वामी

- **सम्मूर्छन**
  - एकेंद्रिय
  - विकलेन्द्रिय
  - पंचेन्द्रिय तिर्यंच
  - लब्धि-अपर्याप्त मनुष्य
- **गर्भ**
  - पोत
  - जरायुज
  - अंडज
- **उपपाद**
  - देव
  - नारकी

www.JainKosh.org

323. अथाधिकृतस्य संसारविषयोपभोगोपलब्ध्यधिष्ठानप्रवणस्य जन्मनो योनिविकल्पा वक्तव्या इत्यत आह –

सचित्त-शीत-संवृताः सेतरा मिश्राश्चैकश-स्तद्योनयः॥32॥

☸सचित्त, शीत, संवृत; इनके उल्टे अचित्त, उष्ण, विवृत और इन तीनों के मिश्र अर्थात् सचित्ताचित्त, शीतोष्ण और संवृतविवृत – ये योनी के 9 भेद हैं ।

☸324. आत्मनश्चैतन्यविशेषपरिणामश्चित्तम्। सह चित्तेन वर्तत इति सचित्तः।

☸शीत इति स्पर्शविशेषः; शुक्लादिवदुभयवचनत्वात्तद्युक्तं द्रव्यमप्याह।

☸सम्यग्वृतः संवृतः। संवृत इति दुरुपलक्ष्यप्रदेश उच्यते।

☸सह इतरैर्वर्तन्त इति सेतराः। सप्रतिपक्षा इत्यर्थः। के पुनरितरे ? अचित्तोष्णविवृताः।

☸उभयात्मको मिश्रः। सचित्ताचित्तः शीतोष्णः संवृतविवृत इति।

www.JainKosh.org

- ‘च’शब्दः समुच्चयार्थः मिश्राश्च योनयो भवन्तीति।
- इतरथा हि पूर्वोक्तानामेव विशेषणं स्यात्।
- ‘एकशः’ इति वीप्सार्थः। तस्य ग्रहणं क्रममिश्रप्रतिपत्त्यर्थम्। यथैवं विज्ञायेत – सचित्तश्च अचित्तश्च, शीतश्च उष्णश्च, संवृतश्च विवृतश्चेति। मैवं विज्ञायि – सचित्तश्च शीतश्चेत्यादि।
- ‘तद्ग्रहणं जन्मप्रकारप्रतिनिर्देशार्थम्। तेषां संमूर्च्छनादीनां जन्मनां योनय इति। त एते नव योनयो वेदितव्याः।

www.JainKosh.org

☸योनिजन्मनोरविशेष इति चेत् ? न; आधाराधेयभेदत्तद्भेदः। त एते चित्तादयो योनय आधाराः। आधेया जन्मप्रकाराः। यतः सचित्तादियोन्यधिष्ठाने आत्मा संमूर्च्छनादिना जन्मना शरीराहारेन्द्रियादियोग्यान्पुद्गलानुपादत्ते।

www.JainKosh.org

- देवनारका अचित्तयोनयः। तेषां हि योनिरुपपाददेशपुद्गल-प्रचयोऽचित्तः।
- गर्भजा मिश्रयोनयः। तेषां हि मातुरुदरे शुक्रशोणितमचित्तम्, तदात्मना चित्तवता मिश्रणान्मिश्रयोनिः।
- संमूर्च्छनजास्त्रिविकल्पयोनयः। केचित्सचित्तयोनयः। अन्ये अचित्तयोनयः। अपरे मिश्रयोनयः। सचित्तयोनयः साधारणशरीराः। कुतः ? परस्पराश्रयत्वात्। इतरे अचित्तयोनयो मिश्रयोनयश्च।

www.JainKosh.org

- शीतोष्णयोनयो देवनारका:। तेषां हि उपपादस्थानानि कानिचिच्छीतानि कानिचिदुष्णानीति।
- उष्णयोनयस्तैजस्कायिका:।
- इतरे त्रिविकल्पयोनय:। केचिच्छीतयोनय:। केचिदुष्णयोनय:। अपरे मिश्रयोनय इति।
- देवनारकैकेन्द्रिया: संवृतयोनय:। विकलेन्द्रिया विवृतयोनय:। गर्भजा: मिश्रयोनय:।

www.JainKosh.org

- तद्भेदाश्चतुरशीति-शतसहस्रसंख्या आगमतो वेदितव्याः। उक्तं च -
- ''णिच्चिदरधादु सत्त य, तरु दस वियलिंदिएसु छच्चेव। सुरणिरयतिरिय चउरो, चोद्दस मणुए सदसहस्सा।।''
-


# योनि

जीव का उपजने का स्थान वह योनि है।

मिश्ररूप होकर औदारिकादि नोकर्मवर्गणारूप पुद्गलों से सहित बंधता है जीव जिसमें, वह योनि है।

# जन्म और योनि में क्या भेद है?

- योनि आधार और जन्म आधेय है ।




www.JainKosh.org

## आकार योनि

- **शंखावर्त योनि** — गर्भ नियम से विवर्जित है, गर्भ रहता ही नहीं है
- **कूर्मोन्नत योनि** — तीर्थंकर वा सकलचक्रवर्ती वा अर्धचक्रवर्ती, नारायण, प्रतिनारायण वा बलभद्र उपजते हैं
- **वंशपत्र योनि** — अवशेष जन उपजते हैं, तीर्थंकरादि नहीं उपजते

www.JainKosh.org

# गुण योनि

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सचित्त | अचित्त | सचित्ताचित्त | शीत | उष्ण | शीतोष्ण | संवृत | विवृत | संवृतविवृत |

| | |
|---|---|
| सचित्त | • चेतन के साथ जो रहे, वे सचित्त हैं अर्थात् जीव सहित योनि<br>• जैसे आलू, गाजर आदि |
| अचित्त | • चेतन से रहित योनि<br>• जैसे गेहूँ के बीज |
| सचित्ताचित्त | • चेतन और पुद्गल सहित उत्पत्ति स्थान<br>• जैसे माता का गर्भ |
| शीत | • जिन पुद्गलों में शीत स्पर्श प्रकट है |
| उष्ण | • जिन पुद्गलों में उष्ण स्पर्श प्रकट है |
| शीतोष्ण | • शीत और उष्ण ऐसे उभयरूप पुद्गल स्कंध |

www.JainKosh.org

**संवृत**

- जो पुद्गल स्कंध देखने में नहीं आते, जिनका आकार गुप्त है

**विवृत**

- जो पुद्गल स्कंध प्रकट आकार को लिए है, देखने में आता है

**संवृतविवृत**

- कुछ प्रकट और कुछ अप्रकट पुद्गल स्कंध

प्रत्येक जीव के ऊपर नौ में
से हर समूह में से
एक, अर्थात् कुल मिलाकर
3 योनि नियम से होती हैं।

www.JainKosh.org

# जन्म प्रकार में सचित्त आदि योनियाँ

| | सचित्त | अचित्त | सचित्ताचित्त |
|---|---|---|---|
| उपपाद | ✗ | ✓ | ✗ |
| गर्भ | ✗ | ✗ | ✓ |
| सम्मूर्छन | ✓ | ✓ | ✓ |

# जन्म प्रकार में सचित्त आदि योनियाँ

| | शीत | उष्ण | शीतोष्ण |
|---|---|---|---|
| उपपाद | ✓ | ✓ | ✗ |
| गर्भ | ✓ | ✓ | ✓ |
| सम्मूर्छन | ✓ | ✓ | ✓ |

# जन्म प्रकार में सचित्त आदि योनियाँ

| | संवृत | विवृत | संवृत-विवृत |
|---|---|---|---|
| उपपाद | ✓ | ✗ | ✗ |
| गर्भ | ✗ | ✗ | ✓ |
| सम्मूर्छन | ✓ | ✓ | ✗ |
| -एकेन्द्रिय | ✓ | ✗ | ✗ |
| -विकलेन्द्रिय | ✗ | ✓ | ✗ |
| -पंचेन्द्रिय | ✗ | ✓ | ✗ |

www.JainKosh.org

# किस योनि में कौन जीव जन्म लेता है ?

<table>
<tr><th>जीव</th><th colspan="3">योनि</th></tr>
<tr><td>देव व नारकी</td><td>अचित्त</td><td>शीत व उष्ण</td><td>संवृत्त</td></tr>
<tr><td>गर्भज—मनुष्य व तिर्यंच</td><td>सचित्ताचित्त</td><td rowspan="4">तीनों प्रकार</td><td>संवृतविवृत</td></tr>
<tr><td>सम्मूर्च्छन मनुष्य व पंचेन्द्रिय तिर्यंच</td><td rowspan="5">तीन प्रकार (सचित्त, अचित्त व मिश्र)</td><td rowspan="2">विवृत</td></tr>
<tr><td>विकलेन्द्रिय</td></tr>
<tr><td>एकेन्द्रिय (पृथ्वी, वायु, प्रत्येक वनस्पति)</td><td>संवृत</td></tr>
<tr><td>अग्नि</td><td>उष्ण</td><td></td></tr>
<tr><td>जल</td><td>शीत</td><td></td></tr>
<tr><td>साधारण वनस्पति</td><td>सचित्त</td><td>तीनों प्रकार</td><td></td></tr>
</table>

- Reference : श्री गोम्मटसार जीवकाण्डजी, श्री जैनेन्द्रसिद्धान्त कोष, तत्त्वार्थसूत्रजी


- Presentation created by : Smt. Sarika Vikas Chhabra
- For updates / comments / feedback / suggestions, please contact
  - sarikam.j@gmail.com
  - ☎:94066-82880
  - www.Jainkosh.org